(b) if so, (he deiails jn this regard:

(c) whether Goverruneat are aware that there is no red light signal system jn Park Street near Talkatora Stadium and two red light signals, one on the Dr. RML Hospital circle and another one on Talkatora Stadium circle are required to ovoid ficcidcnts;

(d) if so, whether Government propose te install these ret! light signals; and

(e) if so by when and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Yes. Sir,

(b) lt is proposed to install about 115 more red lights nt different locations in Delhi/New Delhi,

(c) to (e) Yes, *Sir. T*here is no traffic signal at both round-about points. Traffic staff are deployed at every road near these round-abouts to regulate traffic. Traffic signal at round-about Dr. R.M.L, Hospital circle may increase obstruction in th? free flow of traffic especially during r^cak hours.

आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनायें

4682. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आवारा पशुओं के कारण दिल्ली की सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अभी भी गंभीर यातायात संकट की स्थिति बनी हुई है,

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बारे में कोई सर्वेक्षण किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है और 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान हुई ऐसी सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कितनी है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) दिल्ली में आवारा जानवरों और पशुओं के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं के कुछ मामले ध्यान में आए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ख) तथा (ग) ऐसी दुर्घटनाओं का कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है। तथापि, दिल्ली पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार आवारा जानवरों के कारण दिल्ली में हुई सड़क दुर्घटनाओं की संख्या निम्न प्रकार है :--

वर्ष	मामलों की संख्या
1992-93	6
1993-94	15
1994-95	10

वाहनों की जीवनावधि का निर्धारण

4683. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं पुराने मोटर वाहनों के प्रचालन के कारण होती हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रतिवर्ष देश में हुई ऐसी सड़क दुर्घटनाओं की प्रतिशतता क्या है ;

(ग) क्या सरकार देश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मोटर वाहनों की जीवनावधि निर्धारित करने पर विचार कर रही है ;